### मानगो नगर निगम में शेल्टर होम मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में हुआ निर्णय

# फुटपाथ पर सोने वाले लोगों को आश्रय गृह में मिलेगा आसरा

मानगो नगर निगम में शेल्टर मैनेजमेंट कमेटी की हुई बैठक, दिया गया निर्देश

## चौक-चौराहों पर सोने वाले लोगों को रेस्क्यू कर आश्रय गृह भेजा जाये

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

मानगो नगर निगम में शनिवार को शेल्टर मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई. इसमें कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने क्षेत्र के चौक-चौराहों एवं फुटपाथ पर खुले आसमान के नीचे सोने वाले लोगों को रेस्क्यू कर आश्रय गृह ले जाने का निर्देश दिया है.

उन्होंने दोनों आश्रय गृह (कुमकुम बस्ती, दाईगुट्टू) का संचालन करने वाली दोनों एजेंसियों के कर्मचारियों को आश्रय विहीन लोगों को शेल्टर होम ले जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया.

**बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर करें प्रचार-प्रसार** : एजेंसी साई ब्यूटी एंड हेल्थ केयर एवं सेफ अप्रोच के प्रतिनिधि को कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्रय गृह का प्रचार-प्रसार बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहे करने के अलावे पोस्टर, बैनर, पंफ्लेट का वितरण करने, आश्रय गृह में रखने वाले सभी रजिस्टर को अपडेट करने का निर्देश दिया.

### महिला आश्रय गृह में पुरुषों के प्रवेश पर रहेगी रोक



दाईगुट्टू आश्रय गृह को महिलाओं के लिए आवंटित किया गया है. इसलिए नगर निगम क्षेत्र में चौक-चौराहे पर रहने वाली बेघर महिलाओं को आश्रय गृह पहुंचाने का निर्देश दिया गया. महिला आश्रय गृह में किसी भी पुरुष को जाने से रोकने का निर्देश दिया गया है. साथ ही कोरोना को लेकर जारी गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा गया है और मास्क, सैनिटाइजर, थर्मल स्कैनर आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया.

### शहरी बेघरों का टीकाकरण करायें

कार्यपालक पदाधिकारी ने आश्रय गृह में रहने वाले शहरी बेघर जिन्होंने अब तक वैक्सीन नहीं लगाया है. उन्हें वैक्सीनेशन के लिए टीकाकरण शिविर में आवश्यक रूप से भेजने को कहा. बैठक में सीएमएम निर्मल कुमार, कनीय अभियंता सुबोध कुमार, शेल्टर होम संचालित करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि संजीव कुमार, मिथुन कुमार आदि मौजूद थे.

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**